पत्रांकः— 14/ए0एफ0—11/2020...

बिहार सरकार

शिक्षा विभाग

प्रेषक,

अरशद फिरोज,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
बी0आर0ए0 बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर।

पटना, दिनांक......./......./2020

विषयः— अच्छे लाल सिंह असर्फी देवी डिग्री महाविद्यालय, हँसी केवल, भगवानपुर, वैशाली को स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायो में पास एवं प्रतिष्ठा स्तरों में सत्र 2020—23 के लिए अस्थायी संबंधन प्रदान करने के संबंध मे।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके विश्वविद्यालय के पत्रांक—B/731 दिनांक 27.05.2020 के प्रसंग में निदेशानुसार कहना है कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 की धारा—21 (2) (d) के अधीन एवं राज्यपाल सचिवालय से निर्गत परिनियम संख्या—1098 दिनांक 19.04.1986, पत्रांक 3196 दिनांक—14.12.2017 एवं पत्रांक—3074 दिनांक—25.10.2019 के अन्तर्गत राज्य सरकार ने अच्छे लाल सिंह असर्फी देवी डिग्री महाविद्यालय, हँसी केवल, भगवानपुर, वैशाली को स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायो में पास एवं प्रतिष्ठा स्तरों के प्रस्तावित विषयों में सत्र 2020—23 के लिए पुस्तकालय अंतर्गत निदिष्ट मापदंड के अनुरूप विषयवार पुस्तकों की प्रतिपुर्ति कर लिए जाने के निदेश के साथ अस्थायी संबंधन प्रदान करने के संबंध मे सहमति प्रदान की है।

क्र0 सं0	संकाय	विषय
01	कला संकायः (पास एवं प्रतिष्ठा)	हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू, फारसी, मैथिली, भोजपुरी, इतिहास भूगोल, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, दर्शनशास्त्र, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति, गृह विज्ञान, एवं संगीत (कुल 17 विषयों में)
02	विज्ञान संकायः (पास एवं प्रतिष्ठा)	भौतिकी, रसायन शास्त्र, वनस्पति शास्त्र, जन्तु विज्ञान, एवं गणित (कुल 05 विषयों में)
03	वणिज्य संकाय (पास एवं प्रतिष्ठा)	एकाउन्टेन्सी, कॉरपोरेट एडमिनिस्ट्रेशन, बिजनेस इन्वॉरमेन्ट एवं बिजनेस फाइनान्स (कुल 04 विषयों में)

यह आदेश विद्वान महाधिवक्ता द्वारा दिए गए परामर्श के आलोक में निर्गत किया जा रहा है। साथ ही एल0पी0ए0 संख्या—1404/2018 में विभाग द्वारा माननीय न्यायालय में दायर M.J.C के फलाफल से उक्त आदेश प्रभावित होगा।

विश्वासभाजन

ह0/—
(अरशद फिरोज)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक— 14/ ए0एफ0—11/2020... — 902

पटना, दिनांक 31/08/2020

प्रतिलिपिः— माननीय शिक्षा मंत्री के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग के आप्त सचिव/विशेष सचिव, शिक्षा विभाग के निजी सहायक/उप सचिव, शिक्षा विभाग/निदेशक, उच्च शिक्षा/सचिव, डॉ0 अच्छे लाल सिंह असर्फी देवी डिग्री महाविद्यालय, हँसी केवल, भगवानपुर, वैशाली एवं आई0टी0 मैनेजर, शिक्षा विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

31/8/20

(अरशद फिरोज)
सरकार के उप सचिव

Sec_14#2020